प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार
दिनांक : 02/03/2026 समय :2.10 पीएम

कृषि कैबिनेट–मुख्यमंत्री

किसान कल्याण वर्ष 2026' के अंतर्गत किसानों की उन्नति और कृषि विकास को नई दिशा देने के संकल्प के साथ प्रदेश सरकार द्वारा आज जनजातीय बहुल बड़वानी जिला के नागलवाड़ी में कृषि कैबिनेट की बैठक की जा रही है। जहां किसानों से जुड़े बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अगुवाई में बैठक में कृषि, पशुपालन, बागवानी, सहकारिता और उद्योग समेत कई विभाग शामिल हों रहे हैं, ताकि खेत से बाजार तक किसानों को मजबूत बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने आज मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ नागलवाड़ी स्थित बाबा भीलटदेव मंदिर में पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि, खुशहाली एवं कल्याण की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने श्री भीलटदेव व्याख्यान केंद्र का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों को होली पर्व की बधाई देते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब, किसान, महिला और युवाओं के कल्याण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

मोदी – कार्नी वार्ता

भारत और कनाडा के बीच आज महत्वपूर्ण खनिज सहयोग, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में तीन समझौते किए गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आज नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। दोनों नेताओं ने भारत–कनाडा रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने व्यापार और निवेश, ऊर्जा, खनिज, कृषि, शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार सहित प्रमुख मुद्दों की प्रगति का भी जायजा लिया।

केंद्र–राज्य पत्र

केंद्र सरकार ने इस्राएल–अमरीका द्वारा ईरान पर हमलों के मद्देनजर देश में संभावित हिंसा को लेकर राज्यों को चेतावनी जारी की है। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर भड़काऊ भाषण देने वाले ईरान समर्थक कट्टरपंथी उपदेशकों की पहचान करने को कहा है। पत्र में कानून–व्यवस्था बिगड़ने से बचने के लिए खुफिया जानकारी साझा करने और कार्रवाई को तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

मुख्यमंत्री कानून

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून–व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने आगामी सभी त्यौहारों से पहले प्रदेश में शांति और सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए रविवार को पुलिस कमिश्नर ऑफिस, भोपाल से प्रदेश की कानून–व्यवस्था की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी नागरिक आपसी सौहार्द और प्रेम पूर्वक त्यौहार मनाएं, इसके लिए मैदानी पुलिस अधिकारी और अमले को अतिरिक्त सजगता, सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभानी होगी, ताकि कहीं भी, किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो।

डिजिटल गवर्नेंस

डिजिटल गवर्नेंस, तकनीक आधारित पुलिसिंग एवं नागरिक सेवा वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए मध्यप्रदेश पुलिस को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित IT Implementation for Governance & Public Service Delivery अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान एक निजी मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित टैक्लोलॉजी सभा अवाडर्स समारोह में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रभावी क्रियान्वयन, नवाचार आधारित प्रशासनिक सुधार तथा नागरिक–केंद्रित सेवाओं को बढ़ावा देने हेतु प्रदान किया गया।

आईसीसी टी20 विश्व कप

टी20 क्रिकेट विश्वकप में, भारत ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल 4 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होगा। जबकि दूसरा सेमीफाइनल गुरुवार को मुंबई में भारत और इंग्लैंड के बीच होगा। वहीं 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मुकाबला खेला जायेगा।

समाचार संक्षेप में :–

- शिवपुरी जिले में आज होलिका दहन परंपरागत हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज 50 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन होगा।
- नर्मदापुरम के पिपरिया में रँगपंचमी पर साड़िया–पचमढ़ी रोड से भव्य रंगयात्रा निकाली जाएगी।
- आगरमालवा के शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस शिविर में कल डिजिटल साक्षरता एवं सामाजिक चेतना पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

————————